| दिनांक 16.07.2022 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 16/2022 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद भदोही/थाना चौरी**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के भारी मात्रा में सोने व चॉदी के आभूषण**
- **लूट के 19 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 16.07.2022 को थाना चौरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मई हरदोपट्‌टी तिराहा से चेकिंग के दौरान अभियुक्त शिवप्रकाश उर्फ छन्नू सहित अन्य अभियुक्त संतोष उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के भारी मात्रा में सोने व चॉदी के आभूषण, लूट के 19 हजार 500 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 12 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 25.06.2022 को थाना चौरी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चौरी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्‌तार अभियुक्त से बरामद सोने व चॉदी के आभूषण, रूपये उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना चौरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शिवप्रकाश उर्फ छन्नू निवासी निराशाह पिण्डरा थाना फुलपुर जनपद वाराणसी ग्रामीण।

2—संतोष उर्फ सोनू निवासी बसनी थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी ग्रामीण।

**बरामदगी**

1—लूट के भारी मात्रा में सोने व चॉदी के आभूषण।

2—लूट के 19 हजार 500 रूपये नगद।

3—01 अवैध तमंचा 12 बोर, 02 जीवित कारतूस।

**जनपद शामली/थाना बाबरी**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूट के सोने के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 जीवित, 02 खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 15/16.07.2022 को थाना बाबरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बुटराडा लोई नहर पुल से चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—जोगेन्द्र 2—दीपक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछतॉछ/निशादेही पर प्रकाश में आये अभियुक्त की तलाश/घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 3—बन्टी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के सोने के आभूषण,

01 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 जीवित, 02 खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त बन्टी के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर लूट, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त जोगेन्द्र के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 15 अभियोग व अभियुक्त दीपक के विरूद्ध जनपद बिजनौर, शामली के थानों पर आबकारी, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत है। दिनॉकः 01/02.07.2022 को थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बाबरी पर मु0अ0सं0—122/2022 धारा 394 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद सोने के आभूषण उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बाबरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—बन्टी निवासी ग्राम योगेन्द्र नगर थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

2—जोगेन्द्र  निवासी ग्राम योगेन्द्र नगर थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

2—दीपक निवासी ग्राम इनामपुरा थाना मण्डावर जनपद बिजनौर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट के सोने के आभूषण।

2— 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 जीवित, 02 खोखा कारतूस आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर—113

- **पुलिस कार्यवाही में 05 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 लाख रूपये कीमत का लूट का कैमरा**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित, 01 खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 16.07.2022 को थाना सेक्टर—113 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर—112 खाली मैदान के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—अंकित उर्फ बिट्टू घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—ऋषि 3—विक्रांत 4—संदीप 5—नीरज सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 लाख रूपये कीमत की लूट का कैमरा, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित, 01 खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 10.07.2022 को थाना सेक्टर—113 क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर—113 पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद कैमरा उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर—113 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अंकित उर्फ बिट्टू निवासी ग्राम चंदन नगला थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस, हालपता—ग्राम बरौला थाना सेक्टर—49, नोएडा।

2—ऋषि निवासी ग्राम बरौला थाना सेक्टर—49, नोएडा।

3—विक्रांत निवासी ग्राम बरौला थाना सेक्टर—49, नोएडा।

4—संदीप निवासी ग्राम बरौला थाना सेक्टर—49, नोएडा।

5—नीरज निवासी ग्राम बरौला थाना सेक्टर—49, नोएडा।

**बरामदगी**

1—लगभग 03 लाख रूपये कीमत की लूट का कैमरा।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित, 01 खोखा कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 02 दो पहिया वाहन आदि।

## जनपद मेरठ/थाना मेडिकल

- **पुलिस कार्यवाही में 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी के 09 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध पिस्टल, 04 जीवित, 01 खोखा कारतूस**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 01 खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 16.07.2022 को थाना मेडिकल व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जागृति विहार एक्सटेंशन पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—अरशद 2—शाहरूख घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। मौके से अन्य अभियुक्त फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी के 09 मोबाइल फोन, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध पिस्टल, 04 जीवित, 01 खोखा कारतूस, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 01 खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त अरशद के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानो पर लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग, अभियुक्त शाहरूख के विरूद्ध जनपद मेरठ, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन, मोटर साइकिल जनपद मेरठ में लूट/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मेडिकल पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—अरशद निवासी सोहेल गार्डन, फतेहउल्लापुर थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।

2—शाहरूख निवासी टावर वाली गली, मीठेपुर रोड लावड थाना इंचौली जनपद मेरठ।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट/चोरी के 09 मोबाइल फोन।

2—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध पिस्टल, 04 जीवित, 01 खोखा कारतूस।

4— 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 01 खोखा कारतूस आदि।

## <u>जनपद प्रयागराज/थाना थरवई</u>

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 16.07.2022 को थाना थरवई व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सरायचण्डी रेलवे स्टेशन से पुरस्कार घोषित अभियुक्त बुंदेला उर्फ सारंगी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद प्रयागराज के विभिन्न थानों पर डकैती, चोरी, हत्या, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना थरवई पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना थरवई पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बुंदेला उर्फ सारंगी निवासी चौरअस्था धरहरा थाना विहियां जनपद भोजपुर, बिहार।

## जनपद गोरखपुर/थाना कैण्ट

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 15.07.2022 को थाना कैण्ट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कचहरी गेट के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मनोज को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद गोरखपुर के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कैण्ट पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मनोज निवासी मोहरीपुर नकहा नं0—1 केवटहिया टोला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर।

**जनपद शामली/थाना झिंझाना**

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 16.07.2022 को थाना झिंझाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना झिंझाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित राजेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना झिंझाना पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजेश निवासी ग्राम मस्तगढ थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस।

**जनपद अमेठी/थाना शिवरतगंज**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **10 जीवित कारतूस**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 16.07.2022 को थाना शिवरतनगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प सरैया सुल्तानपुर मोड़ के पास खण्डहर मकान से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–कुलदीप

2—जिब्राइल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 10 निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 10 जीवित कारतूस, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिसमें अभियुक्त कुलदीप के विरूद्ध जनपद अमेठी के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना शिवरतनगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कुलदीप निवासी जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।

2—जिब्राइल निवासी ग्राम कामापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1—10 निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 10 जीवित कारतूस।

2—अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद गाजीपुर/थाना गहमर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **350 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर, 02 जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 16.07.2022 को थाना गहमर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कर्मनशा नदी पर चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—मोकीबुल हुसैन 2—महीदुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से

350 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन, 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 12 बोर, 02 जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना गहमर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोकीबुल हुसैन निवासी नगर झार थाना हउली जनपद बरपेटा, असम।

2—महीदुल निवासी नगर झार थाना हउली जनपद बरपेटा, असम।

**बरामदगी**

1—350 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन।

3— 01 मोबाइल फोन।

4—01 अवैध तमंचा 12 बोर, 02 जीवित कारतूस आदि।

➢ **जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खतौली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट मुजफ्फरनगर द्वारा थाना खतौली पर पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा 302 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में अभियुक्त सतेन्द्र को आजीवन कारावास व 05 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———